अमेरिकन एक्सप्रेस ने खर्च प्रबंधन समाधानों पर ध्यान बढाया

- भारत में 13,000 से अधिक कॉरपोरेट्स को कस्टमाइज्ड सॉल्यूशंस की पेशकश
- यात्रा एवं मनोरंजन खर्चों का महत्तम प्रबंधन के लिए अनूठे समाधानों पर जोर

नई दिल्ली, 11 जुलाई, 2018 : खर्च प्रबंधन समाधानों में विश्व की अग्रणी कंपनी अमेरिकन एक्सप्रेस ने वैश्विक स्तर पर 6 लाख से अधिक कंपनियों और 60 प्रतिशत से अधिक फॉर्च्यून 500 कंपनियों को उनकी जरूरत के मुताबिक खर्च प्रबंधन समाधानों की पेशकश की ळें भारत में अमेरिकन एक्सप्रेस 13,000 से अधिक बडी कंपनियों और एमएसएमई (मझोली और लघु कंपनियों) के साथ उनकी खरीद को दुरूस्त करने, रिपोर्टिंग आसान करने और काम से जुडे खर्चों के लिए सुलह प्रक्रिया के काम करती है और अधिक प्रभावी खर्च प्रबंधन से बचतकर ने में मदद करती है। साथ ही यह सुलह के समय और ऑडिट में लगने वाले समय को घटाने में मदद करती है।

भारतीय कंपनियां खास तौर पर लघु एवंम झोले उपक्रम अब आमदनी बढाने जितना ही खर्च प्रबंधन को प्राथमिकता दे रहे हैं। हालांकि, खर्चों से जुडी नीतियों के गैर अनुपालन का पता लगाने के लिए उनके पास कोई पूर्ण स्वचालित प्रक्रिया नहीं होने से पूर्णकार्य कुशलता हासिल करने की पर्याप्त गुंजाइश बनी रहती है खास तौर पर यात्रा एवं मनोरंजन खर्चों में जिसे वेतन एवं लाभों के अलावा प्रमुख तीन नियंत्रण योग्य खर्चों में देखा जाता है।

अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, भारत की उपाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक (ग्लोबल कॉमर्शियल सर्विसेज) सारू कौशल ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, "खर्च प्रबंधन समाधानों के इस्तेमाल से अगले कुछ वर्षों में भारत में जबरदस्त वृद्धि देखने को मिल सकती है। कंपनियां प्रौद्योगि की और वित को एकीकृत करने का लाभ उठा रही हैं और इससे लीकेज की कोई गुंजाइश नहीं बचती। अमेरिकन एक्सप्रेस के जरूरत के अनुरूप खर्च प्रबंधन समाधानों और कॉरपोरेट कार्ड व कार्यक्रमों के साथ कंपनियां इस तरह के लीकेज से बच सकती हैं क्योंकि सभी सौदों पर रीयल टाइम आधार पर नजर रखी जाती है।इससे कंपनियों को खर्च का रूख समझने, ढांचा से परे खर्च को जानने में मदद मिलती है और वे नीति से बाहर के खर्चों से बचने के लिए यात्रा नीतियां बना सकती हैं। हमें यह देखने को भी मिला है कि जिस समय कर्मचारी कंपनी मे आता है और जिस समय उसे कार्ड मिलता है, उस समय काफी लीकेज होता है। हम संभवतः उद्योग की पहली कंपनी हैं जिसने यह सुनिश्चित किया है कि कर्मचारी को कंपनी में शामिल होने के पहले ही दिन कॉरपोरेट कार्ड मिल जाय।"

अमेरिकन एक्सप्रेस कंपनियों को उनकी खर्च प्रबंधन नीतियों को कॉरपोरेट कार्ड प्रोग्राम कीरेंज के साथ निर्बाध रूपसे एकीकृत करने में मदद करती है। अमेरिकन एक्सप्रेस जेट एयरवेज कॉरपोरेट कार्ड, अमेरिकन एक्सप्रेस कॉरपोरेट मीटिंग कार्ड और अमेरिकन एक्सप्रेस प्लैटिनम कॉरपोरेट कार्ड जैसे समाधानों से कुछ खर्चों पर अंकुश लगाने, अनावश्यक खर्चों से बचने और आवश्यक सीमा में खर्चों को रखने में मदद मिलती है। इसके अलावा, कंपनियों को मेंबरशि परिवार्ड प्वाइंट्स, डिस्काउंट रेंट्स आदि जैसे लाभ उठाने का भी अवसर मिलता है जिनका उपयोग कारोबारी यात्रा पर मनोरंजन गतिविधियों के लिए किया जा सकता है।

दिलचस्प बात है कि भारत में भी कंपनियां कर्मचारियों को कारोबारी यात्रा पर निकलने के दौरान खर्च साझा करने की व्यवस्था अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस द्वारा हालही में कराए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक, 60 प्रतिशत भारतीय कार्यकारी इस बात से सहमत हैं कि उनकी कंपनी की यात्रा नीति

कर्मचारियों को कारोबार के सिलसिले में यात्रा के दौरान ठहरने और आने जाने के लिए इकोनॉमी सर्विस के साझा उपयोग की अनुमति देती है।अमेरिकन एक्सप्रेस इस तरह के वाणिज्यिक नवप्रवर्तन अपनाने में अग्रणी है। इस कंपनी ने उबर फॉर बिजनेस प्लेटफॉर्म के लिए उबर के साथ और भारत में आयो रूम्स के लिए साझीदारी की है जिससे कर्मचारियों को अमेरिकन एक्सप्रेस के केंद्रीय भुगतान समाधान का उपयोग करने की अनुमति मिलती है और खर्चों में कमी आने से बचत होती है।

अमेरिकन एक्सप्रेस की पेशकश

- **कॉरपोरेट खरीद समाधान** – कस्टमाइज करने योग्य एवं लचीला वेब आधारित कॉरपोरेट एकाउंट टूल जिससे संगठनों को अपने सामान की खरीद दुरूस्त करने में मदद मिलती है।
- **कॉरपोरेट काड्र्स** –अमेरिकन एक्सप्रेस के कॉरपोरेट कार्डों जैसे – अमेरिकन एक्सप्रेस प्लैटिनम कॉरपोरेट कार्ड, जेट एयर वेज अमेरिकन एक्सप्रेस कॉरपोरेट कार्ड, अमेरिकन एक्सप्रेस कॉरपोरेट मीटिंग कार्ड और अमेरिकन एक्सप्रेस कॉरपोरेट कार्ड के साथ संगठन अपने यात्रा और मनोरंजन खर्चों को प्रभावी ढंग से संभाल सकते हैं जो कि कर्मचारी के वेतन के बाद सबसे अधिक नियंत्रण योग्य खर्च है। इसके अलावा, कंपनियों को शानदार रिवार्ड प्वाइंट ्सभी भुनाने का लाभ मिलता है।
- **बिजनेस ट्रैवेल एकाउंट** – अमेरिकन एक्सप्रेस बिजनेस ट्रैवेल एकाउंट (बीटीए) के साथ कंपनियों को यात्रा और मनोरंजन की सभी बिलिंग को समेकित और केंद्रीय कृत करने का अवसर मिलता है जिससे उन्हें खर्चो ंपर अंकुश लगाने में मदद मिलती है। बीटीएव्यापक यात्रा डेटा, विस्तृत भुगतान नियमों के लिए मासिक बिलिंग भी उपलब्ध कराता है। एक ही एकाउंट नंबर के साथ कंपनियां सुदृढ खर्च के ढांचे का लाभ उठाती हैं।
- **केता द्वारा शुरू किया गया भुगतान** – अमेरिकन एक्सप्रेस कॉरपोरेट कार्ड के साथ लिंक पुश पेमेंट सॉल्यूशन, वेंडरों को समय पर भुगतान पर नियंत्रण सुनिश्चित करता है। यह सॉल्यूशन कंपनियों को आगे की तिथि म ेंभुगतान के नियम उपलब्ध कराता है जिससे वेंडरों को समय पर वाजिब भुगतान सुनिश्चित होता है। यह ऑनलाइन सॉल्यूशन कागजी कार्रवाई की बाधा खत्म करता है और सभी दस्ता वेज डिजिटल माध्यम से जमा किए जाएं, यह सुनिश्चित करता है।

अमेरिकन एक्सप्रेस के बारेमें

अमेरिकन एक्सप्रेस एक वैश्विक सेवा कंपनी है जो ग्राहकों को उत्पादों तक पहुंच, गहन जानकारी और ऐसे अनुभव उपलब्ध करा रही है जिनसे जीवन समृद्ध हो और कारोबारी सफलता हासिल हो। अधिक जानकारी americanexpress.com/india, पर उपलब्ध है।

हम से जुड़ेंfacebook.com/americanexpressindia, instagram.com/americanexpress, linkedin.com/company/american-express, twitter.com/amexindia, और youtube.com/americanexpress.

उत्पाद, सेवा और कॉरपोरेट रिस्पांसिबिलिटी सूचना के प्रमुख लिंक: charge and credit cards, travel services, merchant services, corporate card, business travel, और corporate responsibility.

Kommune Brand Communications - PR Team :
Manpreet Kaur/David Vaz
7503334032/9833719688
manpreet@kommune.in / david@kommune.in

AMERICAN
EXPRESS